# ... अधिकारी,गोमिया(बोकारो)

... 03/2022–23

... :– विविध वाद

... :– गोमिया

जिला –बोकारो

## आदेश फलक

1 | 2 | 3 (आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख के साथ)

3-07-21 आवेदक– हंस हासदा, पिता–स्व0 मिस्त्री माँझी, ग्राम–धवैया, पोस्ट–कण्डेर, थाना–महुआटाँड़, जिला–बोकारो द्वारा आवेदन प्राप्त है। उक्त आवेदन में आवेदक द्वारा वर्णित किया गया है कि खाता सं0–03, रैयती खेवला माँझी, कुल रकवा–22.69ए0, जमीन में प्लॉटों से कुल रकवा–22.69ए0 जमीन में 1.95ए0 जमीन ग्राम–धवैया, पो0–कण्डेर, जिला–बोकारो निवासी गौहर मियाँ के नाम पर खरीद बिक्री हुआ है। शेष जमीन कुल रकवा–20.74ए0 है। जिसका माल–गुजारी रसीद वर्ष–1978–79 से 2006 –07 तक निर्गत है। आवेदक द्वारा खाता सं0–03, रकवा–20.74ए0 जमीन सत्यापन करने का अनुरोध किया है। आवेदन पत्र जाँच हेतु राजस्व उप निरीक्षक/प्रभारी अंचल निरीक्षक को दें। तत्पश्चात् अभिलेख दिनांक–04/07/2022 को उपस्थापित करें।

23.7.21

अंचल अधिकारी
गोमिया।

04-07-22 अभिलेख उपस्थापित।

राजस्व उप निरीक्षक एवं प्रभारी अंचल निरीक्षक द्वारा संयुक्त जाँच हल्का में उपलब्ध मौजा–धवैया अन्तर्गत खाता सं0–03 के राजस्व कागजातों के जाँचोपरान्त प्राप्त है। जिसका विवरण निम्नवत् है :–

| प्लॉट सं0 | रकवा (ए0 में) | प्लॉट सं0 | रकवा (ए0 में) | प्लॉट सं0 | रकवा (ए0 में) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 45 | 0.19ए0 | 311 | 1.87ए0 | 548 | 1.04ए0 | – |
| 46 | 1.55ए0 | 312 | 0.33ए0 | 595 | 0.92ए0 | – |
| 93 | 3.78ए0 | 314 | 0.26ए0 | 805 | 0.09ए0 | – |
| 148 | 0.06ए0 | 315 | 0.07ए0 | 336 | 0.25ए0 | – |
| 149 | 0.77ए0 | 316 | 0.11ए0 | 804 | 0.06ए0 | – |
| 190 | 1.37ए0 | 320 | 0.57ए0 | – | – | – |
| 263 | 0.08ए0 | 321 | 0.63ए0 | – | – | – |
| 264 | 2.51ए0 | 322 | 0.46ए0 | – | – | – |
| 265 | 0.49ए0 | 333 | 0.11ए0 | – | – | – |
| 281 | 1.24ए0 | 339 | 0.14ए0 | – | – | – |
| 309 | 1.39ए0 | 508 | 0.40ए0 | – | – | – |
| | | कुल रकवा:– | | | 20.74ए0 | – |

... के आधार पर खाता सं0–03, कुल प्लॉट–30, कुल रकवा–22.69ए0, मद्दे ... शेष रकवा–20.74ए0 है। पंजी–II के पृष्ठ सं0–5, भौलुम सं0–I पर खेवला

माँझी, पिता–खडरा माँझी, मौजा–धवैया, थाना सं0–53, खाता सं0–03, रकवा–20.04ए0 भूमि, की जमाबन्दी दर्ज है।

अतः अंचल कार्यालय से आवेदक को नोटिस निर्गत कर मूल कागजात देखने के पश्चात् हीं अग्रेतर कार्रवाई की जा सकती है। अतः आवेदक को उक्त भूमि से संबंधित मूल कागजात प्रस्तुत करने हेतु नोटिस निर्गत करें। तत्पश्चात् अभिलेख दिनांक–12/07/2022 को उपस्थापित करें।

अंचल अधिकारी,
गोमिया।

12-07-22 अभिलेख उपस्थापित।

अभिलेख का अवलोकन किया गया। राजस्व उप निरीक्षक/ प्रभारी अंचल निरीक्षक द्वारा संयुक्त जाँच प्रतिवेदन प्राप्त है। अद्योहस्ताक्षरी की व्यस्तता के कारण उक्त वाद की सुनवाई हेतु अगली तिथि निर्धारित की जाती है। आवेदक को पुनः सूचना निर्गत करें। तत्पश्चात अभिलेख दिनांक–18/07/2022 को उपस्थापित करें।

अंचल अधिकारी,
गोमिया।

18-07-22 अभिलेख उपस्थापित।

अभिलेख का अवलोकन किया गया। अद्योहस्ताक्षरी द्वारा निर्गत नोटिस के आलोक में दिनांक–18.07.2022 को आवेदक मूल कागजात के साथ उपस्थित हुए। अद्योहस्ताक्षरी द्वारा राजस्व उप निरीक्षक को निदेशित किया गया कि आपके द्वारा पूर्व में प्रस्तुत प्रतिवेदन अंकित भूमि सर्वे खतियान के आधार पर खाता सं0–03, कुल प्लॉट–30, कुल रकवा–22.69ए0, मद्ये बिक्री रकवा–1.95ए0, शेष रकवा–20.74ए0 भूमि, पंजी–II से रकवा, प्लॉटवार मिलान कर स्पष्ट प्रतिवेदन अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उक्त वाद से संबंधित सुनवाई की जा सके। तत्पश्चात् अभिलेख दिनांक–25/07/2022 को उपस्थापित करें।

अंचल अधिकारी,
गोमिया।

25/07/22 अभिलेख उपस्थापित।

अभिलेख का अवलोकन किया गया। राजस्व उप निरीक्षक/प्रभारी अंचल निरीक्षक द्वारा संयुक्त जाँच प्रतिवेदन प्राप्त है। राजस्व उप निरीक्षक द्वारा प्रतिवेदित है कि पंजी–II के अनुसार ग्राम–धवैया, थाना सं0–53, अन्तर्गत खाता सं0–03, कुल प्लॉट सं0–30, कुल रकवा–22.69ए0 भूमि दर्ज है। जिसमें 1.95ए0 भूमि बिक्री की गई। 1.95ए0 भूमि के आलावे कोई भी भूमि बिक्री करने का प्रमाण पंजी–II में दर्ज नहीं है। अतः शेष रकवा–20.74ए0 भूमि, आवेदक के नाम से सत्यापित किया जाता है। सत्यापन संबंधी Form-VLD, परियोजना पदाधिकारी, रजरप्पा, ब्लॉक–II को भेजें।

Digitally signed by Md Aftab Alam
Date: 2024.12.12 21:35:55 +05:30
Location: 192.168.103.73

अंचल अधिकारी,
गोमिया।